FIROZABAD POLICE
सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

## पुलिस मुठभेड़ दिनाँक 27-05-2025 थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद।

- **थाना नगला सिंघी व एसओजी / सर्विलांस पुलिस टीम द्वारा हत्या के अभियोग में वांछित 20 हजार के ईनामिया अभियुक्तगण मनीष यादव व विपिन यादव को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार।**

- **अभियुक्तगण के कब्जे से 02 तमंचा 315 बोर, 02 खोखा कारतूस एवं 02 जिंदा कारतूस।**

वादी द्वारा थाना नगला सिंघी पर तहरीर दी गयी कि दिनांक 25-05-2025 को समय करीब शाम 4.30 बजे वादी व वादी के पिताजी अरविन्द यादव तथा भाई नितिन यादव अपने खेत पर ट्रैक्टर से खेत जोतने गए थे। उसी समय वादी के गांव के ही हुब्बलाल ,देवेन्द्र, भोला, रवि, विपन, मनीष, सन्नी व अन्य परिवार के लोगो द्वारा मौके पर आकर धारदार हथियार फावडा, बल्लम, फरसा से वादी पक्ष पर हमला कर दिया। जिसमें वादी के पिता अरविन्द यादव व भाई नितिन यादव की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। वादी की तहरीर के आधार पर थाना नगला सिंघी पर मु0अ0सं0 52/2025 धारा 103(1),191(2),191(3),190 बीएनएस पंजीकृत किया गया था। उक्त घटना के अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी टूण्डला के कुशल नेतृत्व में 03 पुलिस टीमों का गठन किया गया था।

इसी क्रम में आज दिनांक 27-05-2025 को पुलिस टीम को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि मु0अ0सं0 52/2025 में वांछित अभियुक्तगण मनीष यादव व विपिन यादव नगला आम वाले कच्चे रास्ते पर घूम रहे हैं तथा कही भागने की फिराक में है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा ब्रहद ग्राम बांसदानी के पास चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था। चैकिंग के दौरान पुलिस टीम को 02 संदिग्ध व्यक्ति पैदल आते हुए दिखाई दिये। पुलिस टीम द्वारा उक्त दोनों संदिग्ध व्यक्तियों को रुकने का इशारा किया गया तो संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा पुलिस टीम को देखकर भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा पीछा करने पर खुद को घिरता हुआ देखकर संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्यवाही में उक्त दोनो संदिग्ध व्यक्तियों के पैर में गोली लग गई जिससे वह घायल हो गये। घायल व्यक्तियों की पहचान विपिन यादव पुत्र हुब्बलाल निवासी ग्राम टीकरी थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद व मनीष यादव पुत्र हुब्बलाल निवासी ग्राम टीकरी थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद के रुप में हुई है, जो थाना नगला सिंघी पर पंजीकृत मु0अ0सं0 52/2025 धारा 103(1),191(2),191(3),190 बीएनएस में वांछित / ईनामिया अभियुक्तगण है। अभियुक्तगण के कब्जे से 02 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 जिंदा कारतूस एवं 02 खोखा कारतूस बरामद हुए है। घायल अभियुक्तों को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम-पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्तः-**

1. विपिन यादव पुत्र हुब्बलाल निवासी ग्राम टीकरी थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद।
2. मनीष यादव पुत्र हुब्बलाल निवासी ग्राम टीकरी थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद।

**बरामदगी का विवरण-**

1. 02 अवैध तमंचा 315 बोर।
2. 02 खोखा कारतूस 315 बोर।
3. 02 जिंदा कारतूस 315 बोर।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्तगण**

1. मु0अ0सं0 52/2025 धारा 103(2),191(2),191(3),190 बीएनएस थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद
2. मु0अ0सं0 12/2025 धारा 189(2),329(3),351(2) बीएनएस थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद।

**गिरफ्तारी / बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-**

1. थानाध्यक्ष विमलेश कुमार त्रिपाठी थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद।
2. प्र0नि0 श्री अन्जीश कुमार सिंह थाना टूण्डला फिरोजाबाद।
3. श्री अमित तौमर प्रभारी सर्विलांस / एसओजी मय टीम।
4. व0उ0नि0 अनिल कुमार थाना नगला सिंघी फिरोजाबाद।
5. उ0नि0 प्रमोद कुमार थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद।
6. उ0नि0 दीपक कुमार थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद।
7. है0का0 संजीव कुमार थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद।
8. है0का0 40 समय सिंह थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद।
9. का0 रघुराज सिंह सर्विलांस जनपद फिरोजाबाद।
10. का0 529 राकेश कुमार थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद।
11. का0 934 देवेन्द्र सिंह थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद।
12. चा0का0 बलवीर सिंह थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद।